SHRI GULABRAO ESHWARA KHANDVE EDUCATIONAL FOUNDATION

# JAGADGURU INTERNATIONAL SCHOOL, LOHEGAON, PUNE

## TERM - 1 EXAM (2024-2025)

**Grade – X** | **Time: - 3 Hours**

**Subject: - Hindi -B (085)** | **M. Marks: - 80**

**Date: - 20/09/2024** | **Roll No. _____**

निर्देशः

- इस प्रश्न पत्र के चार खण्ड हैं 'अ' , 'ब' , 'क' और 'ड'।
- खण्ड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 09 बहुविकल्पी प्रश्न पूछे गए हैं।दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 13 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
- खण्ड 'ब' में 'व्यवहारिक व्याकरण' 20 मुख्य वस्तुपरख प्रश्न पूछे गए हैं। निर्देशों को बहुत ध्यान से पढ़िए और उनका पालन करते हुए कुल 16 प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए।
- खण्ड 'क' में 'पाठ्य पुस्तक' 5 मुख्य प्रश्न पूछे गए हैं।जिसमें आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशों को बहुत ध्यान से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
- खण्ड 'ड' में 'वर्णनात्मक प्रश्न' 5 मुख्य पूछे गए हैं।आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशों को बहुत ध्यान से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
- चारों खण्डों के विकल्प सहित कुल 57 प्रश्न हैं। चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य हैं।
- यथासंभव चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

| | खण्ड 'अ' ( बहुविकल्पी प्रश्न) | |
|---|---|---|
| प्रश्न.1) | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए।** (कुल भार 7) | |
| | छोटी लड़की का जीवन निराशा से भरा हुआ था। माता-पिता भी लाचार थे। वे चाहकर भी अपनी बेटी के लिए कुछ नहीं कर पाते थे। बचपन से ही वह चलने-फिरने में अक्षम थी। बैसाखी के बिना उसका एक कदम भी चलना मुश्किल था। एक शाम वह लड़की अपने घर के पास पार्क में चुपचाप बैठी थी। उसकी नजर पत्थर की उसे मूर्ति पर पड़ी जिसमें एक युवती दौड़ने की मुद्रा में खड़ी थी। वह मूर्ति इतनी जीवंत थी गोया भी दौड़ पड़ेगी। लड़की मूर्ति को देखकर सोचने लगी क्या ऐसा नहीं हो सकता कि मैं भी उसे मूर्ति की मुद्रा में दौड़ पाऊं मुझे कोशिश तो करनी चाहिए। अगले सुबह वह उस प्रतिमा के पास देर तक उसी मुद्रा में टिकने की कोशिश करती बार-बार गिरती किंतु हर एक विफलता के साथ उसका हौसला दोगुना हो जाता। उसे घोर पीड़ा होती थी पैर भी लहूलुहान हो जाते थे किंतु उसने प्रयास करना नहीं छोड़ा और एक दिन वह अपने पैरों पर | |

| | | |
|---|---|---|
| | सीधी खड़ी हो गई।<br>उसे लड़की की अथक कोशिश में मानव-जीवन के लिए एक संदेश छिपा है- हमारी सोच से ही हमारे जीवन और संस्कारों का निर्माण होता है। सोच सकारात्मक हो़ उसके प्रति दृढ़ रहा जाए तो हम दुनिया की हर तस्वीर को बदल सकते हैं। स्वामी विवेकानंद कहा करते थे़ हम सभी वही होते हैं जो हमारे विचार हमें बनाते हैं। इसलिए आप जो सोचते हैं उसके बारे में ध्यान रखना चाहिए। हमारे विचार दूर तक जाते हैं। हम अपने जीवन में हजारों बार असफल हो सकते हैं लेकिन खुद को कभी भी हारा हुआ नहीं समझना चाहिए। हालांकि विफलता के बाद सोच को स्थिर रखना आसान नहीं होता। इसके लिए मस्तिष्क के अनुकूलन की ज़रूरत होती है। इसलिए नकारात्मक सोच से हमें सावधान रहने की ज़रूरत है क्योंकि गिरना तो जीवन की कुदरती प्रक्रिया है। | |
| क) | **छोटी लड़की का जीवन निराशापूर्ण क्यों था?** | (1) |
| i) | माता-पिता की बेबसी के कारण। | |
| ii) | पैरों का इलाज ठीक से न होने के कारण। | |
| iii) | चलने-फिरने में क्षमता के कारण। | |
| iv) | घर में आर्थिक अभावों के कारण। | |
| ख) | **छोटी लड़की के चलने का श्रेय जाता है-** | (1) |
| i) | छोटी लड़की के अथक प्रयासों को। | |
| ii) | छोटी लड़की के सकारात्मक सोच को। | |
| iii) | पार्क में दौड़ने की मुद्रा में लगी मूर्ति को। | |
| iv) | छोटी लड़की की सकारात्मक सोच और कोशिश को। | |
| ग) | **उपर्युक्त गद्यांश में प्रयुक्त मुद्रा शब्द का उचित अर्थ है-** | (1) |
| i) | मुहर ii) सिक्का | |
| iii) | धन iv) आकृति | |
| घ) | निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यान पूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।<br>**कथन (A) - विफलता के बाद सोच को स्थिर रखना आसान नहीं होता।**<br>**कारण (R) - व्यक्ति का मनोबल टूट जाता है। मस्तिष्क को अनुकूलन की ज़रूरत होती है।** | (1) |
| i) | कथन (A) और कथन (R) कारण दोनों गलत हैं। | |
| ii) | कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है। | |
| iii) | कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी व्याख्या गलत करता है। | |
| iv) | कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है। | |

| | | |
|---|---|---|
| ङ) | **छोटी लड़की का जीवन निराशा से भरा हुआ क्यों था?** | (1) |
| च) | **उसे लड़की की अथक कोशिश में मानव जीवन के लिए कौन-सा गहरा संदेश छिपा है?** | (2) |
| प्रश्न.2) | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए।** (कुल भार 7) | |
| | अपनी सभ्यता का जब मैं अवलोकन करता हूं तब लोगों को काम के संबंध की उनके विचारधारा के अनुसार उन्हें विभाजित करने लगता हूं। एक वर्ग में वे लोग आते हैं जो काम को उसे घृणित आवश्यकता के रूप में देखते हैं जिनकी उनके लिए उपयोगिता केवल धन अर्जित करना है। वे अनुभव करते हैं कि जब दिनभर का श्रम समाप्त हो जाता है तब वे जीना सचमुच शुरू करते हैं और अपने आप में होते हैं। जब वे काम में लगे होते हैं तब उनका मन भटकता रहता है। काम को वह उतना महत्व देने का कभी विचार नहीं करते क्योंकि केवल आमदनी के लिए ही उन्हें काम की आवश्यकता है। दूसरे वर्ग के लोग अपने काम को आनंद और आत्मपरितोष पाने के एक सुयोग के रूप में देखते हैं। वे धन इसलिए कमाना चाहते हैं ताकि अपने काम में अधिक एकनिष्ठता के साथ समर्पित हो सके। जिस काम में भी संलग्न होते हैं उसकी पूजा करते हैं। पहले वर्ग में केवल वे लोग ही नहीं आते हैं जो बहुत कठिन और अरुचिकर काम करते हैं। उसमें बहुत-से संपन्न लोग भी सम्मिलित हैं जो वास्तव में कोई काम नहीं करते हैं। ये सभी धन को ऐसा कुछ समझते हैं जो उन्हें काम करने के अभिशाप से बचाता है। इसके सिवाय कि उनका भाग्य अच्छा रहा है वे अन्यथा उन कारखानों के मजदूरों की तरह ही हैं जो अपने दैनिक काम को जीवन का सबसे बड़ा अभिशाप समझते हैं। उनके लिए काम कोई गणित वस्तु है और धन वांछनीय क्योंकि कम से छुटकारा पाने के साधन का प्रतिनिधित्व यही धन करता है। यदि काम को भी टाल सकें और फिर भी धन प्राप्त हो जाए तो खुशी से यही करेंगे।<br>जो लोग काम में अनुरूक्त हैं तथा उसके प्रति समर्पित हैं ऐसे कलाकार विद्वान और वैज्ञानिक दूसरे वर्ग में सम्मिलित हैं। वस्तुओं को बनाने और खोजने में वे हमेशा दिलचस्पी रखते हैं। इसके अंतर्गत परंपरागत कारीगर भी आते हैं जो किसी वस्तु को रूप देने में गर्व और आनंद का वास्तविक अनुभव करते हैं। अपनी मशीनों को महत्वभरी सावधानी से चलने और उनका रख-रखाव करने वाले कुशल मिस्त्री और इंजीनियर इसी वर्ग से संबंधित हैं। | |
| क) | **पहले वर्ग के लोग काम को.........** | (1) |
| i) | घृणित मानते हैं। | |

| | | |
|---|---|---|
| ii) | धन अर्जित करने का साधन भर मानते हैं। | |
| iii) | धन कमाने की घृणित आवश्यकता मानते हैं। | |
| iv) | आवश्यक मानते हैं। | |
| ख) | **पहले वर्ग के लोग किस महत्व देते हैं?** | (1) |
| i) | श्रम को | |
| ii) | धन को | |
| iii) | काम को | |
| iv) | जीवन को | |
| ग) | **दूसरे वर्ग के लोग काम को...........** | (1) |
| i) | आवश्यक मानते हैं। | |
| ii) | मुसीबत मानते हैं। | |
| iii) | आनंद मानते हैं। | |
| iv) | धन कमाने का साधन मानते हैं। | |
| घ) | **दूसरे वर्ग में कौन से लोग आते हैं?** | (1) |
| i) | मिल मालिक और धनी लोग। | |
| ii) | कलाकार, विद्वान और वैज्ञानिक। | |
| iii) | कारखाने के मज़दूर। | |
| iv) | सभी मिस्त्री। | |
| ङ) | **काम करने में आत्म संतोष किन्हें मिलता है?** | (1) |
| i) | जिन्हें पर्याप्त धन मिल जाता है। | |
| ii) | जो काम के तनाव से दूर रहते हैं। | |
| iii) | जो घोर परिश्रम करते हैं। | |
| iv) | जो काम के प्रति समर्पित होते हैं। | |
| च) | **उपर्युक्त गद्यांश में से दो संयुक्त व्यंजन वाले शब्द चैट कर लिखिए।** | (1) |
| छ) | **उपर्युक्त गद्यांश को उचित शीर्षक दीजिए।** | (1) |
| | खण्ड 'ब' ('व्यवहारिक व्याकरण') (कुल भार 16) | |
| प्रश्न.3) | **'पदबंध' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए। ( कोई चार)** (4×1=4) | |
| क) | वामीरो फटती हुई धरती के किनारे <u>चीखती हुई दौड रही थी।</u> - रेखांकित पदबंध का भेद है- | (1) |
| i) | संज्ञा पदबंध | |
| ii) | सर्वनाम पदबंध | |

| | | |
|---|---|---|
| iii) | क्रिया पदबंध | |
| iv) | विशेषण पदबंध | |
| ख) | **उन्होंने <u>छोटी-छोटी खिड़कियों</u> वाला चौबारा किराए पर ले रखा था। इस वाक्य में रेखांकित पदबंध हैं-** | (1) |
| i) | विशेषण पदबंध | |
| ii) | संज्ञा पदबंध | |
| iii) | क्रियाविशेषण पदबंध | |
| iv) | सर्वनाम पदबंध | |
| ग) | **<u>महंत की</u> चिकनी-चुपड़ी बातों के भीतर की सच्चाई भी अब वह जान गए थे। रेखांकित पदबंध का प्रकार है-** | (1) |
| i) | विशेषण पदबंध | |
| ii) | संज्ञा पदबंध | |
| iii) | क्रियाविशेषण पदबंध | |
| iv) | सर्वनाम पदबंध | |
| घ) | **अभागी <u>वह करती भी</u> तो क्या करती?** | (1) |
| i) | सार्वनामिक विशेषण पदबंध | |
| ii) | संज्ञा पदबंध | |
| iii) | क्रियाविशेषण पदबंध | |
| iv) | सर्वनाम पदबंध | |
| ङ) | **<u>घर के आंगन में</u> लगे पेड़ सूख गए।** | (1) |
| i) | संज्ञा पदबंध । | |
| ii) | क्रिया विशेषण पदबंध। | |
| iii) | विशेषण पदबंध। | |
| iv) | सर्वनाम पदबंध। | |
| प्रश्न.4) | **' वाक्यों के रचना प्रकार' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए। ( कोई चार)** (4×1=4) | |
| क) | **खिड़की के बाहर अब दोनों कबूतर रात-भर खामोश और उदास बैठे रहते हैं।** | (1) |
| i) | सरल वाक्य | |
| ii) | मिश्र वाक्य | |
| iii) | संयुक्त वाक्य | |
| iv) | संकेत वाचक वाक्य | |
| ख) | **जब अकेले पढ़ते हैं तब अपने आप से लगातार बड़बड़ाते रहते हैं।** | (1) |
| i) | सामान्य वाक्य | |

| | | |
|---|---|---|
| ii) | सरल वाक्य | |
| iii) | मिश्र वाक्य | |
| iv) | संयुक्त वाक्य | |
| ग) | **उन्होंने मुझे गले से लगा लिया और मैं भावूक हो गया।** | (1) |
| i) | विधान वाचक वाक्य | |
| ii) | सरल वाक्य | |
| iii) | मिश्र वाक्य | |
| iv) | संयुक्त वाक्य | |
| घ) | **मुझे अपने ऊपर अभियान होने के साथ-साथ गर्व भी है।** | (1) |
| i) | सरल वाक्य | |
| ii) | मिश्र वाक्य | |
| iii) | प्रश्न वाचक वाक्य | |
| iv) | संयुक्त वाक्य | |
| ङ) | **जब से कानून भंग का काम शुरू हुआ है तब से आज तक इतनी बड़ी सभा ऐसे मैदान में नहीं की गई थी।** | (1) |
| i) | संयुक्त वाक्य | |
| ii) | सामान्य वाक्य | |
| iii) | सरल वाक्य | |
| iv) | मिश्र वाक्य | |
| प्रश्न.5) | **निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए। ( कोई चार)** (4×1=4) | |
| क) | **'आत्मसम्मान' समास पद का विग्रह है-** | (1) |
| i) | आत्म का सम्मान | |
| ii) | आत्मा का सम्मान | |
| iii) | आत्म के लिए सम्मान | |
| iv) | आत्मा के लिए सम्मान | |
| ख) | **'संगीतकार' शब्द किस समास का उदाहरण है?** | (1) |
| i) | तत्पुरुष समास | |
| ii) | कर्मधारय समास | |
| iii) | बहुव्रीहि समास | |
| iv) | द्वंद समास | |
| ग) | **निम्नलिखित में से बहुव्रीहि समास का उपयुक्त उदाहरण लिखिए।** | (1) |
| i) | जनजाति | |

| | | |
|---|---|---|
| ii) | रचनाकर्म | |
| iii) | द्वीपसमूह | |
| iv) | चतुर्भुज | |
| घ) | **'सत्याग्रह' शब्द के लिए सही समास-विग्रह और समास का चयन कीजिए-** | (1) |
| i) | सत्य और ग्रह - द्वंद समास | |
| ii) | सत्य आग्रह - अव्ययीभाव समास | |
| iii) | सत्य का आग्रह - तत्पुरुष समास | |
| iv) | सत्य के लिए आग्रह - तत्पुरुष समास | |
| ङ) | **बहुव्रीहि समास का उदाहरण है -** | (1) |
| i) | पुस्तकालय | |
| ii) | जनसंख्या | |
| iii) | पंचानन | |
| iv) | मेखलाकार | |
| प्रश्न.6) | **'मुहावरे' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनिए - ( कोई चार)** (4×1=4) | |
| क) | **ईश्वर को पाने के लिए .......... ही पड़ता है। - रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त मुहावरे का चयन कीजिए।** | (1) |
| i) | बेराह चलना। | |
| ii) | आपा खोना। | |
| iii) | मुंह की खाना। | |
| iv) | लोहा मानना। | |
| ख) | **आटे - दाल का भाव मालूम होना' मुहावरे का अर्थ है-** | (1) |
| i) | किसी को सबक सिखाना। | |
| ii) | चीजों के भाव पता चलना। | |
| iii) | कठिनाइयों का ज्ञान होना। | |
| iv) | खरीदारी के गुरों का ज्ञान होना। | |
| ग) | **मुहावरे और अर्थ वाले उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए।** | (1) |
| i) | गिरह बांधना - मार डालना। | |
| ii) | तलवार खींचना - सब कुछ नष्ट करना। | |
| iii) | कदम उठाना - सामना करना। | |
| iv) | नौ दो ग्यारह होना - भाग जाना। | |

| | | |
|---|---|---|
| घ) | **रेखांकित अंश के लिए कौन सा मुहावरा प्रयुक्त करना उचित रहेगा? तुम सारा दिन काम में जुटे रहते हो, कभी आराम भी कर लिया करो।** | (1) |
| i) | कोल्हू का बैल। | |
| ii) | खेत का बैल। | |
| iii) | हक्का-बक्का। | |
| iv) | तीन तेरह होना। | |
| ङ) | **'अस्तित्व का समाप्त कर देना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा कौन सा है?** | (1) |
| i) | आग बबूला हो जाना। | |
| ii) | घाव पर नमक छिड़कना। | |
| iii) | नामो - निशान मिटा देना। | |
| iv) | ज़मीन पर पांव न रखना। | |
| | खण्ड 'क' (साहित्य) | |
| प्रश्न.7) | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए।** (कुल भार 5) | |
| | अस्पताल गए लोगों को देखने से मालूम हुआ कि 160 आदमी तो अस्पतालों में पहुंचे और जो लोग घरों में चले गए वे अलग हैं । इस प्रकार 200 घायल जरूर हुए हैं। पकड़े गए आदमियों की संख्या का पता नहीं चला पर लालबाज़ार के लॉकअप में स्त्रियों की संख्या 105 थी। आज तो जो कुछ हुआ वह अपूर्व हुआ है। बंगाल के नाम या कलकत्ता के नाम पर कलंक था कि यहां काम नहीं हो रहा है पर वह आज बहुत अंश में घुल गया और लोग सोचने लग गए कि यहां भी बहुत-सा काम हो सकता है। | |
| क) | **इस अनुच्छेद में किस घटना का वर्णन है?** | (1) |
| i) | 1942 में हुए भारत छोड़ो आंदोलन का। | |
| ii) | बंग-विभाजन के विरुद्ध हुए जन-आंदोलन का। | |
| iii) | भारत की स्वतंत्रता के लिए मनाए गए स्वतंत्रता-आंदोलन का। | |
| iv) | कलकत्ता में हुए पुलिस-संघर्ष का। | |
| ख) | **कलकत्ता के नाम क्या कलंक था?** | (1) |
| i) | कोलकाता में स्वतंत्रता आंदोलन में कुछ नहीं किया है। | |
| ii) | कोलकाता के लोग उदासीन रहते हैं। | |
| iii) | कोलकाता में स्वतंत्रता का विरोध किया है। | |
| iv) | कोलकाता का देश से कोई लेना-देना नहीं है। | |
| ग) | **कौन लोग अपने-अपने घरों को चले गए थे?** | (1) |
| i) | जो पुलिस की मार से डर गए थे। | |

| | | |
|---|---|---|
| ii) | जो थोड़ी बहुत चोट के कारण अस्पताल में दाखिल नहीं हुए थे। | |
| iii) | जो अंग्रेजों के समर्थक थे। | |
| iv) | जिन्हें घर वाले जबरन घर ले गए थे। | |
| घ) | **किस बात को अपूर्व कहा गया हैॠ** | (1) |
| i) | स्वतंत्रता संघर्ष की कार्यवाही को। | |
| ii) | स्त्री-पुरुषों की बराबर सहभागिता को। | |
| iii) | स्त्रियों की सहभागिता को। | |
| iv) | इतने अधिक विरोध और विद्रोह को। | |
| ङ) | **निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यान पूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।**<br>**कथन (A) - कोलकाता पर अंग्रेजों का साथ देने का कलंक था।**<br>**कारण (R) - आज आज़ादी के लिए संघर्ष करके वह कलंक छूट गया।** | (1) |
| i) | कथन (A) और कथन (R) कारण दोनों गलत हैं। | |
| ii) | कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है। | |
| iii) | कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी व्याख्या गलत करता है। | |
| iv) | कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है। | |
| प्रश्न.8) | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए। (25 से 30 शब्दों में) (कुल भार 6) | |
| क) | निकोबार द्वीप समूह के विभक्त होने के बारे में निकोबारियों का क्या विश्वास है? | (2) |
| ख) | शैलेंद्र के निजी जीवन की छाप उनकी फिल्म में झलकती है- कैसे? स्पष्ट कीजिए। | (2) |
| ग) | 'बड़े भाई साहब' इस पाठ के अनुसार जीवन की समझ कैसे आती है? | (2) |
| प्रश्न.9) | **निम्नलिखित पठित काव्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़े और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए।** (कुल भार 5) | |
| | 'मनुष्य मात्र बंधु है' यही बाद विवेक है<br>पुराण पुरुष स्वयंभू पिता प्रसिद्ध एक है।<br>फलानुसार कर्म के अवश्य बाह्य भेद है<br>परंतु अंत रैक्य में प्रमाण भूत वेद हैं।<br>अनर्थ है कि बंधु ही ना बंधु की व्यथा हरे<br>वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।। | |
| क) | **प्रस्तुत काव्यांश में मनुष्य-मात्र बंधु है का आशय है -** | (1) |
| i) | केवल मनुष्य ही तुम्हारा बंधु है। | |
| ii) | सभी मनुष्य तुम्हारे बंधु हैं। | |
| iii) | मनुष्य केवल संबंधों को ही महत्व देता है। | |

| | | |
|---|---|---|
| iv) | केवल मनुष्य से ही आपसी संबंध हैं। | |
| ख) | **विवेक किसे कहा गया है?** | (1) |
| i) | अपने बंधुओं के संग रहने को। | |
| ii) | सभी मानवों को बंधु मानने को। | |
| iii) | अपना काम स्वयं करने को। | |
| iv) | सभी मानवों की संगति को। | |
| ग) | **'अनर्थ है कि बंधु ही न बंधु की व्यथा हरे' कवि ने ऐसा क्यों कहा है?** | (1) |
| घ) | **कवि ने ऐसा क्यों कहा है कि हमें हमारे कर्म के अनुसार फल मिलता है?** | (1) |
| ङ) | निम्नलिखित कथन **(A)** और कारण **(R)** को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।<br>कथन **(A) सबसे बड़ा अनर्थ है मानव की मानव द्वारा व्यथा न हरना।**<br>कारण **(R) ईश्वर स्वयं आकर किसी की सहायता नहीं करता।** | (1) |
| i) | कथन (A) और कथन (R) कारण दोनों गलत हैं। | |
| ii) | कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है। | |
| iii) | कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी व्याख्या गलत करता है। | |
| iv) | कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है। | |
| प्रश्न.10) | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए। (25 से 30 शब्दों में) ( कुल भार 6) | |
| क) | मीठी वाणी बोलने से औरों को सुख और अपने तन को शीतलता कैसे प्राप्त होती है - लिखिए। | (2) |
| ख) | अपनी आराध्य श्री कृष्ण के दर्शन पाने के लिए मीराबाई क्या-क्या उपाय करती है? | (2) |
| ग) | 'पावस ऋतु' किसे कहते हैं? इस ऋतु में पर्वत पर कैसा दृश्य होता है ? 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर लिखिए। | (2) |
| प्रश्न.11) | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए। (50 से 60 शब्दों में) **(कोई** दो)<br>( कुल भार 6) | |
| क) | अनपढ़ होते हुए भी हरिहर काका दुनिया की बेहतर समझ रखते हैं? कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए। | (2) |
| ख) | विद्यालय की कौन सी गतिविधियां बच्चों को विद्यालय की ओर आकृष्ट करती हैं और कौन सी बातें दूर करती है? | (2) |
| ग) | इरफान की दादी के देहांत के बाद टोपी को उसका घर खाली-सा क्यों लगा? | (2) |
| | खण्ड 'ड' (लेखन) | |
| प्रश्न.12) | निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों का अनुच्छेद लिखिए। | (5) |

| | | |
|---|---|---|
| | • **गावों की बदलती तस्वीर........... देश की प्रगति ...........**<br>संकेत बिंदु – रहन–सहन का स्तर<br>– शिक्षा<br>– रूढ़ी परंपराएँ<br>– आधुनिकता<br>– भविष्य की संभावनाएँ<br>**अथवा**<br>• **ऐसी वाणी बोलिए मन का आपा खोए ...........**<br>संकेत बिंदु – मधुर वाणी – एक वरदान<br>– जीवन में सफलता का राज़<br>– एक औधषी। | |
| प्रश्न.13) | • अपनी बहन के विवाह के लिए आपके विद्यालय के प्रधानाचार्य को 5 दिन के अवकाश हेतु **प्रार्थना पत्र** लिखिए।<br>**अथवा**<br>• आपके क्षेत्र में वर्षा ऋतु के पश्चात सड़को का बुरा हाल है। जगह–जगह गड्ढे बन गए हैं।जिससे यातायात में बाधा उत्पन्न हो रही है।इसकी शिकायत करते जिल्हाधिकारी को **शिकायती पत्र** लिखिए। | (5) |
| प्रश्न.14) | आपके विद्यालय को साफ़ सुथरा रखने हेतु स्वच्छता सप्ताह का आयोजन किया गया है, इसमें भाग लेने के इच्छुक छात्रों के लिए लगभग 60 शब्दों में **सूचना** लिखिए। | (4) |
| प्रश्न.15) | ग्योकल से लोकल तक स्थानीय उत्पादों के प्रचार एवं प्रसार के लिए **'स्वदेशी अपनाइए'** के लिए लगभग 60 शब्दों में **विज्ञापन** तैयार करें। | (3) |
| प्रश्न.16) | 'लालच का फल' इस विषय के आधार पर अपने शब्दों में **लघुकथा** लिखिए साथ ही उचित शीर्षक देकर कहानी से मिलने वाली सीख भी लिखिए।<br>अथवा<br>आप रोहित हैं। (rohit1987@gmail.com) की ओर से आपके विभाग के नगर निगम अधिकारी (nagarnigampune@gmail.com) को **ईमेल** लिखकर लाऊडस्पीकरों का शोर बंद करवाने का अनुरोध कीजिए। (लगभग 100 शब्दों में) | (5) |